एक परिचय

महामारी के संदर्भ में स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति में जोखिम से जुड़े कर्तव्यों का अनुपालन

EIFEC अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुपालन संगठन की भूमिका निभाता है, जैसे जैविक और रासायनिक हथियारों का संवर्धन, सामूहिक विनाश के हथियार (WMD), प्रतिंबध (र्नियात कानूनों का अनुपालन)।

EIFEC के पास कई विषयों का ज्ञान और आवश्यक क्षमताएँ हैं, जो उसे नवाचार की परिभाषा रचने और नई चीज़ें विकसित करने में सक्षम बनाती हैं, साथ ही उसके पास आपातकालीन स्थितियों या किसी भी तरह के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए मानक, दिशानिर्देश और प्रमाणन की कार्यप्रणालियाँ मौजूद हैं।

HEALTHBY यूरोपीय संघ के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों और विश्वविद्यालय पेशेवरों का अंतर्राष्ट्रीय महासंघ है।
इसका उद्देश्य सहयोग करने वाले किन्हीं भी संस्थानों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की डिलीवरी, उनसे संबंधित शिक्षा और अनुसंधान को बेहतर बनाने की दृष्टि से ज़रूरी रणनीतिक सलाह और प्रोजेक्ट से संबंधित विशेषज्ञता प्रदान करना है और साथ ही मरीज़ों को रेफ़र करने की सुविधा मुहैया करवाना है, ताकि दुनिया भर के मरीज़ और रेफ़र करने वाले चिकित्सक दोनों ही सदस्य अस्पतालों में से किसी एक में इलाज व देखभाल की सुविधा हासिल कर सकें।

UNIFEC अग्रणी विश्वविद्यालयों की रणनीतिक साझेदारी वाला नेटवर्क है (जिसे EIFEC द्वारा समन्वित किया जाता है) ।
इसका उद्देश्य राष्ट्र के प्रत्येक स्तर पर प्रासंगिक सर्वोत्तम प्रक्रियाओं तथा संचालन प्रक्रियाओं को शामिल व एकीकृत करके अनुपालन की एक व्यापक संस्कृति गढ़ना, जोखिम के आकलन का एक आम तरीका लागू करना तथा सबसे उचित शैक्षणिक/मास्टर पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण सत्र का आकलन, प्रचार व स्थापना करना है।

WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने नए कोरोनावायरस, यानी कोविड-19 को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न बताया है, जिसके कारण दुनिया भर के देशों के लिए उसे रोकने के उचित कदम उठाना ज़रूरी है। दुःख की बात यह है कि इस घटना के विरोध में की गई मुख्य कार्रवाई का नतीजा नए नियमों, कानूनों, नियमों, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं और कानूनी प्रतिंबधों (नियामक फ़्रेमवर्क) के प्रसार के रूप में सामने आया है, जिसे सरकारों ने इस महामारी के आरंभ में शुरू किया था, लेकिन वह अभी भी जारी है, लगातार बदल रहा है और उसकी हालत अक्सर डाँवाडोल रहती है।

अपने व्यवसाय को सुरक्षित रखें

इस स्थिति के कारण तमाम तरह के संदर्भों में (न्यायक्षेत्रों सहित) और हर तरह की मानवीय गतिविधियों के लिए दुनिया भर में अनुपालन से संबंधित विशिष्ट नीतियों/कार्यक्रमों की एक नई ज़रूरत पैदा हो गई है।

Wat is dat?

那是什么？

Mikä tämä on?

Quest Ce ?

Co to jest?

वो क्या है?

WE ♥ COMPLIANCE FOR ALL

O que é isso?

¿Qué es eso?

Was ist das?

What's that?

それは何ですか？

Ma cos‘è?

Что это?

Τι είναι αυτό?

ज़रूरत है सोची-समझी प्रतिक्रिया की

हर कोई जानना चाहता है कि इन सबका पालन कैसे किया जाए। अनुपालन एक लगातार आगे बढ़ने वाली सहक्रियात्मक प्रक्रिया के साथ-साथ किसी संगठन की सामूहिक कोशिशों का ऐसा नतीजा होता है, जो निहित, ऐच्छिक या अनिवार्य शर्तों या अपेक्षाओं (आवश्यकताओं) को पूरा करता है।

अनुपालन हर किसी के लिए बनाई गई सबसे र्निणायक प्रक्रिया है, जिस पर अमल करके वे अधिंकाश न्यायक्षेत्रों में दीवानी या फ़ौजदारी के संभावित कानूनी मुकदमों से बच सकते हैं या उसके जोखिम को कम कर सकते हैं, उसकी साख को सुरक्षित रख सकते हैं और उसके मूल्यों का संवर्धन कर सकते हैं।

सोची-समझी प्रतिक्रिया:

HER-CMS सभी संगठनों के लिए स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन जोखिम प्रबंधन प्रणाली

मौजूदा स्थिति में महज़ उचित आपातकालीन प्रथाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं की ही ज़रूरत नहीं है, बल्कि ज़रूरत है उन्हें मान्यता-प्राप्त और योग्य तृतीय-पक्षों से प्रमाणित करवाने की।

लेकिन प्रमाणन के लिए लिखित आश्वासन (यानी प्रमाणपत्र) का प्रावधान होता है, जो इसकी पुष्टि करता है कि सभी ज़रूरी शर्तें पूरी की गई हैं: इसके लिए एक मानक का होना ज़रूरी है, जो उन शर्तों को परिभाषित करता हो, जिनकी कसौटी पर प्रक्रिया प्रमाणित की जाएगी।

इन्हीं कारणों से, EIFEC ने नई आपातकालीन अंतर्राष्ट्रीय मानक श्रृंखला **EIFEC ES2001.06:HBY** तैयार की है, जो संगठनों को कोविड-19 के खिलाफ़ और भी कारगर ढंग से लड़ने की ताकत देती है और लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को ज़्यादा सुरक्षित और स्वस्थ बनाती है।

इस श्रृंखला में दो अलग-अलग तरह के मानक शामिल हैं:

- **EIFEC ES2001.06:HBY/HER –** स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन जोखिम अनुपालन प्रबंधन प्रणाली **(HER-CMS),** जिसे सभी संगठन अपना सकते हैं और लागू कर सकते हैं
- **EIFEC ES2001.06:HBY/SSP –** सैनिटाइज़ेशन सेवा प्रदाताओं के लिए अनुपालन प्रबंधन प्रणालियाँ **(SSP-CMS),** जिसे पेशेवर सैनिटाइज़ेशन सेवा प्रदाताओं के लिए आरक्षित रखा गया है

दोनों मानक सरलीकृत संस्करण के रूप में भी प्रदान किए जाते हैं, जिन्हें खासतौर पर सूक्ष्म, छोटे और मध्यम आकार के उपक्रमों (MSMEs) के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि हमारा फ़लसफ़ा "अनुपालन सभी के लिए" पूरी तरह लागू किया जा सके

चरण

अपने व्यवसाय के लिए समाधान प्राप्त करें

1. हमारी वेबसाइट पर मौजूद फ़ॉर्म के ज़रिए हमसे संपर्क करें
2. प्रमाणीकरण के लिए आवेदन करें
3. ऑडिट करवाएँ और प्रमाणित हों

HER-CMS
किसके लिए है?

- उद्योगों, बड़ी कंपनियों और जटिल प्रतिष्ठानों (जैसे स्कूल, लोक सेवाएँ, शॉपिंग सेंटर आदि), जिन्हें सैनिटाइज़ेशन सहित कोविड-19 से उपजे स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल से बचाव और उसकी रोकथाम का प्रबंधन करने वाला कार्यक्रम लागू करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
- सूक्ष्म, छोटे और मध्यम आकार के उपक्रम, जिन पर उनकी अपनी जगह की देख-रेख करने की ज़िम्मेदारी होती है, जिसके तहत उन्हें कम-से-कम पर्याप्त रूप से "स्वच्छ" परिवेश की गारंटी देनी होती है।
- सैनिटाइज़ेशन सेवा प्रदाता
- ऑडिटर और सलाहकारी संगठन



सुरक्षित ढंग से व्यवसाय करें

अपनी गतिविधि के नकारात्मक परिणामों की रोकथाम करें और उन्हें कम करें

अपने ग्राहकों को आश्वासन दें कि आप सही कदम उठा रहे हैं!





अंतर्राष्ट्रीय मानक EIFEC
ES2001.06:HBY
प्रथम संस्करण
2020

आपातकालीन मानक

कॉपीराइट सुरक्षित दस्तावेज़
© EIFEC STANDARDS - 2020
सर्वाधिकार सुरक्षित। जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाए, इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी रूप में या फ़ोटोकॉपी करने, इंटरनेट या इंट्रानेट पर पोस्ट करने सहित इलेक्ट्रॉनिक अथवा यांत्रिक जैसे किसी भी माध्यम से न तो पुनरुत्पादित किया जा सकता है और न ही इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। नीचे दिए गए EIFEC STANDARDS के किसी भी पते से अनुमति का अनुरोध किया जा सकता है:

EIFEC STANDARDS (यूरोपीय संघ)
मुख्य सचिव कार्यालय / कॉपीराइट 2-4
Schuman
Brussels B 1040
Belgium
टेलीफ़ोन: +32 02 8088660
फ़ैक्स: +32 02 8885852
ई-मेल: copyright@eifecstandards.org

EIFEC STANDARDS (यूएसए)
1717 Pennsylvania Avenue
Washington, DC 20006USA
टेलीफ़ोन: +1 (202) 552-4760

यूरोपीय संघ / बेल्जियम / यूएसए में प्रकाशित

healthby.eifec.org
www.eifec.org